रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 222] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 3, 2012/आश्विन 11, 1934
No. 222] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 3, 2012/ASVINA 11, 1934

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर, 2012

अंतिम जांच परिणाम (निर्णायक समीक्षा)

विषय: - चीन जन.गण. के मूल के या वहां से निर्यातित सोडियम हाइड्रोसल्फाइड (एस एच एस) के आयातों पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच–अंतिम जांच परिणाम ।

सं. 15/34/2010-डीजीएडी.— 1995 में यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम कहा गया है) और सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं का अभिज्ञान, उन पर पाटनरोधी शुल्क या अतिरिक्त शुल्क का आकलन् एवं संग्रहण तथा क्षति-निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए ;

क. पृष्ठभूमि

1. यतः उपर्युक्त नियमावली को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे प्राधिकारी कहा गया है) ने चीन जन.गण. के मूल के या वहां से निर्यातित सोडियम हाइड्रोसल्फाइड (एस एच एस) के आरोपित पाटन के बारे में 3 नवंबर, 2000 को पाटनरोधी जांच शुरू की और प्राधिकारी के 2 जनवरी, 2001 के प्रारंभिक जांच परिणामों के आधार पर 12 मार्च, 2001 की सी.शु. अधिसूचना सं. 28/2001–सी.शु. के तहत चीन जन.गण. के मूल के या वहां से निर्यातित सोडियम हाइड्रोसल्फाइड (एस एच एस) के आयातों पर अनंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था । अंतिम जांच परिणाम 13 सितंबर, 2001 की अधिसूचना के तहत अधिसूचित किए गए थे और राजस्व विभाग ने 2 नवंबर, 2001 की अधिसूचना सं. 114/2001–सी.शु. के तहत संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू किया था ।

2. और यतः 6 सितंबर, 2006 की अधिसूचना सं. 15/16/2005–डी जी ए डी के तहत प्राधिकारी ने यह निष्कर्ष निकाला कि चीन जन.गण. से सोडियम हाइड्रोसल्फाइड पर पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने से पाटन एवं क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना होगी और संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क को निरंतर लागू रखने की सिफारिश की । तदनुसार, संबद्ध वस्तु पर 16 अक्टूबर, 2006 की सी.शु. अधिसूचना सं. 108/2006 के तहत निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था ।

3. और यतः उपर्युक्त नियमावली में प्राधिकारी के लिए पाटनरोधी शुल्क को निरंतर लागू रखने की जरूरत की समय–समय पर समीक्षा करनी अपेक्षित है । घरेलू उद्योग की ओर से मध्यावधि समीक्षा का अनुरोध दायर किया गया था । प्राधिकारी ने 1 अक्टूबर, 2008 की अधिसूचना सं. 15/21/2008–डी जी ए डी के तहत मध्यावधि समीक्षा शुरू की और 31 अगस्त, 2009 की अधिसूचना सं. 15/21/2008–डी जी ए डी के तहत अंतिम जांच परिणाम अधिसूचित किए । प्राधिकारी ने नोट किया कि संदर्भ कीमत के रूप में शुल्क अपेक्षित राहत प्रदान करने में समर्थ नहीं रहा है और उन्होंने शुल्क के स्वरूप में संशोधन करना उचित समझा तथा पाटनरोधी शुल्क की संशोधित मात्रा की सिफारिश की । संबद्ध वस्तु पर संशोधित पाटनरोधी शुल्क 9 दिसंबर, 2009 की सी.शु. अधिसूचना सं. 133/2009–सी.शु. के तहत लागू किया गया था ।

4. और यत मै. ट्रांसपैक सिलोक्स इंड. लि. ने चीन के मूल की या वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सतत पाटन का आरोप लगाते हुए अधिनियम तथा पाटनरोधी नियमावली के अनुसार प्राधिकारी के समक्ष एक विधिवत पुष्टिकृत आवेदन दायर किया और पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा करने और उसे जारी रखने का अनुरोध किया । इस बात के प्रति संतुष्ट होने के उपरांत की याचिकाकर्ता ने समीक्षा की जरूरत की पुष्टि की है, निर्दिष्ट प्राधिकारी ने 14 अक्टूबर, 2011 की अधिसूचना सं. 15/34/20010 – डी जी ए डी के तहत निर्णायक समीक्षा शुरू करना उचित समझा ।

ख सामान्य प्रकिया

5. इस जांच के बारे में निम्नलिखित प्रकिया अपनाई गई है :

क. निर्णायक समीक्षा जांच शुरू करते हुए प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना सं. 35/34/2010–डी जी ए डी, दिनांक 14 अक्टूबर, 2011 जारी की जिसे भारत के असाधारण राजपत्र में प्रकाशित किया गया था ।

ख. प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की एक प्रति संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और/अथवा निर्यातकों को भेजी और नियम 6(2) के अनुसार पत्र की तारीख से चालीस दिन के भीतर संगत सूचना प्रदान करने और लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अवसर प्रदान किया ।

ग. प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की प्रति भारत में संबद्ध वस्तु के सभी ज्ञात आयातकों और/अथवा उपभोक्ताओं को भेजी और उन्हें नियम 6(2) के अनुसार पत्र की तारीख से चालीस दिन के भीतर संगत सूचना प्रदान करने और लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अवसर प्रदान किया ।

घ. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 6 (3) के अनुसार आवेदन के अगोपनीय रूपांतरण की प्रतियां ज्ञात उत्पादकों और/अथवा निर्यातकों तथा संबद्ध देश के दूतावास को उपलब्ध कराई । अगोपनीय आवेदन की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई थीं

ड. नियम 6 (4) के अनुसार प्राधिकारी ने संगत सूचना मांगने के लिए ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों सहित संबद्ध देश की सरकार को प्रश्नावली भेजी । तथापि, संबद्ध देश के किसी भी निर्यातक/उत्पादक ने प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया ।

च. नियम 6 (4) के अनुसार आवश्यक सूचना प्रदान करने के लिए ज्ञात आयातकों और प्रयोक्ताओं को प्रश्नावली भेजी गई थी । प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के औद्योगिक प्रयोक्ताओं को पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में जांच के लिए संगत मानी गई सूचना प्रस्तुत करने हेतु अवसर प्रदान किया था ।

छ. प्राधिकारी ने संगत सूचना मौखिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को अवसर प्रदान करने हेतु 5 मार्च, 2011 को एक सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जिसमें ट्रांसपैक सिलोक्स इंड लि., डेमोसा कैमिकल्स प्रा. लि. और टी पी एम कंसलटेंट्स (घरेलू उद्योग के विधिक परामर्शदाता) उपस्थिति हुए थे । मौखिक सुनवाई में उपस्थित होने वाले पक्षकारों से मौखिक रूप से प्रस्तुत सूचना के लिखित अनुरोध दायर करने की सलाह दी गई थी । प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त इन लिखित अनुरोधों पर विचार किया है। तथापि, किसी भी उत्पादक/निर्यातक या आयातक ने सार्वजनिक सुनवाई में भाग नहीं लिया और इसलिए लिखित अनुरोध प्रस्तुत नहीं किए गए हैं ।

ज. जांच के दौरान घरेलू उद्योग सहित हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों और प्रदत्त सूचना/साक्ष्य पर प्राधिकारी द्वारा उस सीमा तक समुचित विचार किया गया है जिस सीमा तक वे वर्तमान जांच के लिए संगत माने गए हैं ।

झ. प्राधिकारी ने जांच के दौरान स्वयं को प्रदत्त सूचना की यथातथ्यता के बारे में संतुष्ट किया जिन पर ये जांच परिणाम आधारित हैं । उक्त प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने संगत और आवश्यक समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग का मौके पर सत्यापन किया । घरेलू उद्योग से क्षति के बारे में अतिरिक्त/पूरक ब्यौरे मांगे गए थे जो प्राप्त भी हो गए थे ।

ट. उपर्युक्त नियमावली के नियम 16 के अनुसार इन जांच परिणामों के लिए विचारित आवश्यक तथ्य/आधार का ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को प्रकटन किया गया था और उन पर प्राप्त टिप्पणियों पर अंतिम जांच परिणाम में विचार किया गया है । प्रकटन विवरण जारी होने के बाद केवल घरेलू उद्योग से टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं । इन टिप्पणियों पर इस जांच परिणाम में उचित कार्रवाई की गई है ।

ठ. नियम 6(7) के अनुसार प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतरण प्राधिकारी द्वारा रखी गई सार्वजनिक फाइल के जरिए उपलब्ध कराया जिसे हितबद्ध पक्षकारों के निरीक्षणार्थ खुला रखा ।

ड. सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जी ए ए पी) और आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तु की ईष्टतम उत्पादक लागत और उसे बनाने और बेचने की लागत निकालने के लिए लागत जांच की गई थी ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा ।

ढ. ***यह चिन्ह किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का द्योतक है और प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत उसे गुणदोष के आधार पर उसे गोपनीय ही माना है ।

ण. यह जांच 1 अप्रैल, 2010 से 31 मार्च, 2011 की अवधि (12 माह और इसका उल्लेख जांच अवधि या पी ओ आई के रूप में किया गया है) के लिए की गई है । क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृतियों की जांच में वर्ष 2007–08, 2008–09, 2009–10 की अवधि और जांच अवधि शामिल है ।

त. जहां किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना जुटाने से मना किया है या उसे अन्यथा उपलब्ध नहीं कराया है या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच परिणाम दर्ज करेंगे ।

थ. हितबद्ध पक्षकारों क्षरा गोपनीय आधार पर प्रदत्त सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के बारे में की गई थी । संतुष्ट होने के उपरांत प्राधिकारी ने अपेक्षानुसार गोपनीयता प्रदान की है और ऐसी सूचना गोपनीय मानी गई है जिसका प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं किया गया है ।

ग. विचाराधीन उत्पाद तथा समान वस्तु:

6. विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. के मूल का या वहां से निर्यातित सोडियम हाइड्रोसल्फाइट (रासायनिक सूत्र $Na_2S_2O_4$) (जिसे आगे संबद्ध वस्तु कहा गया है) है । सोडियम हाइड्रोसल्फाइट एक सफेद या मटमैला सफेद रवादार पाउडर होता है जो तीखी गंध वाले दृश्यमान बाह्य तत्वों से मुक्त होता है । सोडियम हाइड्रोसल्फाइट का व्यापक उपयोग वस्त्र, साबुन, शीरा, सरेस और न्यूनकारी एजेंट, धात्विक आयनों के डी सल्फाइड से लेकर धातुओं, ऊनी बालों आदि में गुथाव जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाता है । वर्तमान जांच समीक्षा जांच होने के कारण विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र वही रहता है जैसा कि मूल जांच में परिभाषित किया गया है । उसके बाद की अवधि में उत्पाद में कोई खास विकास नहीं हुआ है । सोडियम हाइड्रोसल्फाइट सी.शु. टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची–1 के सी.शु. उपशीर्ष 28321020 और 28311010 के अंतर्गत वर्गीकृत है । तथापि, यह वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और वर्तमान जांच तथा प्रस्तावित उपायों के दायरे पर किसी भी रूप में बाध्यकारी नहीं है ।

ग.1 घरेलू उद्योग के विचार

7. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:-

क. वर्तमान जांच चीन जन.गण. के उत्पादकों और/अथवा निर्यातकों द्वारा भारतीय बाजार में सोडियम हाइड्रोसल्फाइट के पाटन के खिलाफ लागू पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा करने, उसमें वृद्धि करने और उसे जारी रखने के लिए ।

ख. समीक्षा जांच होने के कारण विचाराधीन उत्पाद वही माना जाना चाहिए जैसा कि पूर्ववर्ती जांचों में रहा है ।

ग. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद सोडियम हाइड्रोसल्फाइट है । संबद्ध देश से आयात किए जा रहे विचाराधीन उत्पाद के बारे में नाम, सूत्र, विवरण, ग्रेड, प्रयोग, पैकिंग, परिवहन, वर्गीकरण, हैंडलिंग आदि सहित उत्पाद के संपूर्ण विवरण की जांच प्राधिकारी द्वारा पूर्ववर्ती जांचों में की जा चुकी है और संगत सूचना निर्दिष्ट प्राधिकारी के रिकॉर्ड में उपलब्ध है ।

घ. सोडियम हाइड्रोसल्फाइट (एस एच एस) का मुख्यत: प्रयोग वस्त्र, साबुन, शीरा, सरेस और न्यूनकारी एजेंट, धात्विक आयनों के डी सल्फाइड से लेकर धातुओं, ऊनी बालों आदि में गुथाव जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाता है ।

ड. चीन जन.गण. से निर्यातित सोडियम हाइड्रोसल्फाइट (एस एच एस) और याचिकाकर्ता द्वारा उत्पादित सोडियम हाइड्रोसल्फाइट (एस एच एस) में कोई ज्ञात अंतर नहीं है । घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु पाटनरोधी नियमों के अर्थ के भीतर समान वस्तु हैं ।

ग.2 आयातकों, उपभोक्ताओं, निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

8. किसी भी आयातक, उपभोक्ता, निर्यातक और अन्य हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद, समान वस्तु और वर्तमान जांच के दायरे के बारे में कोई टिप्पणी या अनुरोध दायर नहीं किया है ।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

9. विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. के मल का या वहां से निर्यातित " सोडियम हाइड्रोसल्फाइट" है । सोडियम हाइड्रोसल्फाइट एक सफेद या मटमैला सफेद रवादार पाउडर होता है जो तीखी गंध वाले दृश्यमान बाह्य तत्वों से मुक्त होता है । इसका रासायनिक सूत्र $Na_2S_2O_4$ है । इसका उल्लेख "हाइड्रोसल्फाइट सांद्रण", "सोडियम डाईथियोनाइट", " सोडियम हाइड्रोसल्फाइट" के रूप में भी किया जाता है । इसका व्यापक उपयोग वस्त्र, साबुन, शीरा, सरेस और न्यूनकारी एजेंट, धात्विक आयनों के डी सल्फाइड से लेकर धातुओं, ऊनी वालों आदि में गुथाव जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाता है । प्राथमिक तौर पर इसका उपयोग ब्लीचिंग एड, न्यूनकारी एजेंट, भेषज एवं पॉलीमराइजिंग एजेंट के रूप में किया जाता है । वर्तमान जांच समीक्षा जांच होने के कारण विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र वही रहता है जैसा कि मूल जांच में परिभाषित किया गया है । सोडियम हाइड्रोसल्फाइट सी.शु. टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची–1 के सी.शु. उपशीर्ष 28321020 और 28311010 के अंतर्गत वर्गीकृत है । तथापि, यह वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और वर्तमान जांच तथा प्रस्तावित उपायों के दायरे पर किसी भी रूप में बाध्यकारी नहीं है ।

10. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु को संबद्ध देश में उत्पादित और/अथवा वहां से निर्यातित वस्तु के समान वस्तु माना जा सकता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्राधिकारी के पूर्ववर्ती निर्धारण का विरोध करते हुए उसे कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है । जांच के आधार पर प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामग्री नियमों के अर्थ के भीतर संबद्ध देश से आयातित या वहां उत्पादित वस्तु के समान वस्तु है ।

घ. घरेलू उद्योग

घ.1 घरेलू उद्योग के विचार

11. घरेलू उद्योग के बारे में घरेल उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :–.

क. वर्तमान याचिका मै. ट्रांसपैक सिलोक्स इंड. लि. द्वारा दायर की गई थी । मै. डेमोसा कैमिकल्स प्रा. लि., मै. टी सी पी लि. (टी सी पी) और मै. गुलशन कैमिकल्स लि. ने याचिका का समर्थन किया है ।

ख. याचिकाकर्ता का उत्पादन भारतीय उत्पादन का "एक बड़ा हिस्सा" बनता है । इसके अलावा, याचिकाकर्ता और समर्थकों का उत्पादन भारतीय उत्पादन का 100 प्रतिशत बनता है ।

ग. यद्यपि, किसी निर्णायक समीक्षा के लिए आधार का होना अनिवार्य नहीं है, तथापि, याचिका आधार के मानदंड को पूरा करती है ।

घ. जांच की शुरूआत के बाद डेमासा कैमिकल्स और टी सी पी ने संगत क्षति सूचना प्रदान की है । तीनों कंपनियों का उत्पादन भारतीय उत्पादन का लगभग 79 प्रतिशत बनता है अतः तीनों कंपनियों नियमों के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग हैं ।

घ.2 निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

12. किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने इस बारे में कोई अनुरोध दायर नहीं किया है ।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

13 *नियम 2 (ख) के अनुसार "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परंतु जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ केवल शेष उत्पादकों के उल्लेख के रूप में निकाला जाएगा "।*

14. यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता का उत्पादन भारतीय उत्पादन में एक बड़ा हिस्सा है । इसके अलावा इस याचिका का समर्थन मै. टी सी पी लि., मै. डेमोसा कैमिकल्स प्रा. लि. और मै. गुलशन कैमिकल्स लि. ने किया था । अतः याचिका को पाटनरोधी नियमों के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग द्वारा दायर किया गया माना गया था ।

15. जांच की शुरूआत के बाद मै. टी सी पी लि., मै. डेमोसा कैमिकल्स प्रा. लि. ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बारे में समस्त सूचना प्रदान की है । कंपनियों ने सत्यापन हेतु प्रस्ताव किया था जो किया भी गया था । गुलशन कैमिकल्स लि. से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी । प्राधिकारी के रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर यह नोट किया जाता है कि भागीदार घरेलू उत्पादकों का उत्पादन भारतीय उत्पादन का 79 प्रतिशत बनता है । अतः भागीदार कंपनियों को नियमों के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग माना जा रहा है ।

ङ. अन्य मुद्दे

ङ.1 घरेलू उद्योग के विचार

16. घरेलू उद्योग ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं:

क. किसी भी निर्यातक, आयातक और उपभोक्ता ने प्राधिकारी द्वारा जारी की गई प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है । अतः इन हितबद्ध पक्षकारों को नियम 6(8) के अनुसार असहयोगी माना जाना चाहिए और प्राधिकारी को सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए ।

ख. शुल्कमुक्त आयात प्राधिकार (डी एफ आई ए) स्कीम के अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद का पर्याप्त मात्रा में आयात सूचित किया जा रहा है जिसके लिए इन उत्पादों में सोडियम हाइड्रोसल्फाइट की वास्तविक खपत का उल्लेख नहीं है ।

ग. यद्यपि सरकार ने अन्य स्कीमों के अंतर्गत भी (यथा डी ई पी बी) सीमाशुल्क छूट प्रदान की थी । तथापि, पाटनरोधी शुल्क के भुगतान से छूट केवल ई ओ यू/एसीजैट तथा अग्रिम लाइसेंस स्कीम के संबंध में ही प्रदान/सीमित की गई थी । इसके अलावा, ये छूटें वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त तक सीमित थीं । इसी वजह से पाटनरोधी शुल्क के भुगतान के बिना किए गए आयातों की खपत घरेलू बाजार में बेचे गए तैयार उत्पाद के उत्पादन में नहीं की जानी चाहिए । अन्यथा इससे घरेलू उद्योग को सतत क्षति होगी । तथापि, यदि आयात ऐसे उत्पाद के उत्पादन हेतु देश में किए गए हैं जिसका भारत से निर्यात किया गया है तो पाटनरोधी शुल्क के भुगतान से ऐसे आयातों को छूट की वजह से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं होगी ।

घ. डी एफ आई ए के मामले में छूट से घरेलू उद्योग को सतत क्षति हो रही है जिसकी वजह यह है कि डी एफ आई ए एक हस्तांतरणीय लाइसेंस है । अग्रिम लाइसेंस के मामले में छूट इस स्पष्ट शर्त के साथ दी गई थी कि ऐसी छूट वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त के अधीन होगी । अतः प्राधिकारी कृपया यह सिफारिश करें कि पाटनरोधी शुल्क से छूट केवल वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त के लिए है ।

ड. चीन में संबद्ध वस्तु की बेशी क्षमताएं हैं । इसे चीन द्वारा किए गए निर्यातों की मात्रा से देखा जा सकता है । इसके अलावा, भारत में मांग चीन के वैश्विक निर्यात की मात्रा की तुलना में काफी कम है । शुल्क के बावजूद भारत को हुए निर्यातों में वृद्धि वैश्विक निर्यातों की तुलना में अधिक हुई है ।

च. चीन के उत्पादकों द्वारा अन्य देशों में भी सोडियम हाइड्रोसल्फाइट का पाटन किया जा रहा है । हालांकि इससे यह सिद्ध होता है कि चीन के उत्पादक वैश्विक बाजार में सोडियम हाइड्रोसल्फाइट का पाटन कर रहे हैं । तथापि, इससे भारत की तुलना में अन्य बाजारों में उच्च कीमतों का भी पता चलता है । इसके अलावा, इससे पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में भारतीय बाजार में पाटन तेज होने की संभावना की पुष्टि होती है ।

छ. एस एच एस का देश में सतत पाटन का एक दशक से पुराना इतिहास है । पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने और निर्धारित समीक्षा में पाटनरोधी शुल्क में परवर्ती विस्तार किए जाने के बावजूद संबद्ध उत्पाद का आयात पाटित कीमत पर अत्यधिक मात्रा में जारी है ।

ज. प्रकटन विवरण जारी होने के बाद घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी के समक्ष पूर्व में किए गए अपने अनुरोधों को दोहराया है और प्राधिकारी से यह अनुरोध किया है कि वे अंतिम जांच परिणाम में प्रकटन विवरण में प्रकटित तथ्यों की पुष्टि करें । उन्होंने प्राधिकारी से अम.डा. मे तथा निर्धारित शुल्क आधार पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है । उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि इन उत्पादों में सोडियम हाइड्रोसल्फाइट की वास्तविक खपत के बिना शुल्क मुक्त आयात प्राधिकरण (डी एफ वाई के) स्कीम के अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद के भारी मात्रा में आयात सूचित किए जा रहे हैं । यद्यपि सरकार ने अन्य स्कीमों (अर्थात डी ई पी पी) के अंतर्गत भी सीमाशुल्क छूट प्रदान की थी, तथापि पाटनरोधी शुल्क के भुगतान से छूट केवल ई

ओ यू, एसीजैड और अग्रिम लाइसेंस स्कीम के संबंध में ही प्रदान/सीमित की गई थी । इसके अलावा ये छूटें वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त तक सीमित हैं । ऐसा इस वजह से है कि पाटनरोधी शुल्क के भुगतान के बिना बिए गए आयातों की खपत घरेलू बाजार में बेचे गए तैयार उत्पाद के उत्पादन में की जानी चाहिए । अन्यथा इससे घरेलू उद्योग को सतत क्षति होगी । तथापि, यदि आयात किसी उत्पाद के उत्पादन के देश में किया गया है जिसका भारत से निर्यात किया गया है तो पाटनरोधी शुल्क के भुगतान से ऐसे आयात पर छूट की वजह से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचेगी । यह भी कहा गया है कि डी एफ आई ए के मामले में छूट से घरेलू उद्योग को इस वजह से सतत क्षति हो रही है कि डी एफ आई ए एक हस्तांतरणीय लाइसेंस है । अग्रिम लाइसेंस के मामले में छूट इस स्पष्ट शर्त के साथ प्रदान की गई थी कि ऐसी छूट वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त के अधीन होगी । अतः प्राधिकारी कृपया यह सिफारिश करें कि पाटनरोधी शुल्क से छूट केवल वास्तविक प्रयोक्ता की शर्त के लिए है ।

ड.2 निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

17. संबद्ध देश के किसी भी निर्यातक ने वर्तमान जांच के बारे में उत्तर दायर नहीं किया है ।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

18. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों को नोट किया है और मुद्दों की जांच नियमों के अनुसार इस अंतिम जांच परिणाम के संगत शीर्षों में की गई है । घरेलू उद्योग द्वारा उल्लिखित कुछ निर्यात संवर्धन स्कीमों पर पाटनरोधी शुल्क उद्ग्रहण न किए जाने की वांछनीयता के मुद्दे के बारे में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के द्वारा उठाए गए मुद्दे वर्तमान पाटनरोधी जांचों के दायरे में नहकीं आते हैं ।

च. पाटन तथा पाटन मार्जिन

च.1 घरेलू उद्योग के विचार

19. घरेलू उद्योग ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं:

क. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु चीन को गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना जाना चाहिए । इसके अलावा, बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार हेतु चीन के किसी उत्पादक या निर्यातक ने कोई दावा नहीं किया है । न तो चीन के निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है और न ही बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का दावा किया है । ऐसा मामला होने के कारण अनुबंध–1 का पैरा 8 लागू करने और इस बात पर विचार करने का प्रश्न नहीं उठता है कि क्या चीन की कंपनियां बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार की पात्र हैं ।

ख. मूल और मध्यावधिक समीक्षा जांचों में प्राधिकारी ने चीन जन.गण. के निर्यातों को बाजार अर्थव्यवस्था का व्यवहार प्रदान नहीं किया है ।

ग. पूर्व में संपन्न मध्यावधि समीक्षा जांच में प्राधिकारी ने बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय तथा उचित लाभ के लिए विधिवत समायोजित घरेलू उत्पादकों में से एक की नियुक्ति की अंतर्राष्ट्रीय लागत और परिवर्तन लागत के आधार पर चीन जन गण में सामान्य मूल्य का निर्धारण किया था । याचिकाकर्ताओं का प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे इस मामले में भी सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु वही कार्य प्रणाली अपनाई जाए ।

च.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

20. संबद्ध देश के किसी निर्यातक ने वर्तमान जांच के बारे में कोई उत्तर दायर नहीं किया है ।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

21. प्राधिकारी ने पाटन और उसकी संभावना के निर्धारण हेतु कार्यप्रणाली के बारे में घरेलू उद्योग के तर्कों को नोट किया है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह निर्णायक समीक्षा जांच होने के कारण प्राधिकारी के लिए शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना की जांच करना भी अपेक्षित है ।

छ. पाटन का निरंतर जारी रहना या उसकी पुनरावृति होना

22. प्राधिकारी ने धारा 9 क(1) (ग) के अनुसार सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ सभी ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावली की प्रतियां भेजी । पाटन और पाटन मार्जिन के बारे में चीन जन गण के किसी उत्पादक/निर्यातक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है । अतः प्राधिकारी के पास रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम समचना के अनुसार कार्रवाई करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं है ।

ज. सामान्य मूल्य

23. धारा 9 क (1) (ग) के अंतर्गत किसकी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का अर्थ है :

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सामान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उपनियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

24. यह नोट किया जाता है कि चीन के किसी भी उत्पादक ने वर्तमान जांच में सहयोग नहीं किया है । पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध–I के पैरा 7 में उपबंध है कि :

गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की कीमत अथवा संरचित मूल्य, अथवा किसी तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव न हो, अथवा अन्य किसी समुचित आधार पर किया जाएगा, जिसमें भारत में समान वस्तु के लिए वास्तविक रूप से संदत्त अथवा भुगतान योग्य कीमत, जिसमें यदि आवश्यक हो तो लाभ की समुचित गुंजाइश भी शामिल की जाएगी । निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे समुचित देश का चयन उचित तरीके से किया जाएगा जिसमें संबंधित देश के विकास के स्तर तथा प्रश्नगत उत्पाद का ध्यान रखा जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना का भी ध्यान रखा जाएगा । जहां उचित हो उचित समयसीमा के भीतर किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में इसी प्रकार के मामले में की गई जांच पर भी ध्यान दिया जाएगा । जांच से संबंधित पक्षों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त प्रकार से चयन के बारे में बिना किसी अनुचित विलंब के सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित अवधि प्रदान की जाएगी ।

25. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण उपर्युक्त उपबंधों के आधार पर किया जाना चाहिए । प्राधिकारी ने अनुबंध–I के पैरा 7 और 8 के अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां आमंत्रित कीं । यह नोट किया जाता है कि चीन जन गण को गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना गया है । जो पाटनरोधी नियमों के अनुसार निर्यातक देश या अलग-अलग निर्यातकों द्वारा उपर्युक्त अनुमान के खंडन के अधीन है । पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ 8 के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के अनुमान का उस स्थिति में खंडन किया जा सकता है यदि चीन के निर्यातक (निर्यातकों) द्वारा पैराग्राफ 8 के उप पैरा(3) में विनिर्दिष्ट मानदंडों के आधार पर सूचना और पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध कराते हैं और उसके विपरीत सिद्ध करते हैं । संबद्ध वस्तु के किसी निर्यातक/उत्पादक ने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है और न ही पैरा 8 के उप पैरा (3) में उल्लिखित आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत किया है ताकि निम्नलिखित मापदंडों पर विचार किया जा सके कि क्या: -

(क) कच्ची सामग्रियों सहित कीमत; लागत और निविष्टि तथा श्रम लागत, उत्पादन, बिक्रियां और निवेश के बारे में चीन जन.गण. में संबंधित फर्मों का निर्णय ऐसे बाजारी संकेतों के अनुसार किया जाता है जिसमें आपूर्ति और मांग परिलक्षित होती है और इस बारे में राज्य का अधिक हस्तक्षेप नहीं होता है और क्या प्रमुख निविष्टियों की लागत में बाजार मूल्य पर्याप्त रूप से प्रदर्शित होते हैं;

(ख) इस प्रकार की फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति विशेषकर परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खातों, वस्तु विनिमय-व्यापार और ऋणों की प्रतिपूर्ति के माध्यम से भुगतान के संदर्भ में पूर्ववर्ती गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाली प्रणाली से हुई महत्वपूर्ण विकृतियों के अध्यधीन हैं;

(ग) इस प्रकार की फर्में दिवालियापन और संपत्ति कानूनों के अध्यधीन हैं जो फर्मों के प्रचालन की कानूनी निश्चितता और स्थिरता की गारंटी देते हैं; और

(घ) विनिमय दर का परिवर्तन ब्याज की दर पर किया जाता है ।

26. चूंकि चीन के किसी भी निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था की प्रश्नावली के उत्तर सहित प्रश्नावली को उत्तर दायर नहीं किए हैं और गैर–बाजार अर्थव्यवस्था के अनुमान के खंडन की मांग नहीं की है, इसलिए प्राधिकारी इस बात पर विचार करने में असमर्थ हैं कि क्या चीन के एक या अधिक उत्पादकों को वर्तमान मामले में बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा प्रदान किया जा सकता है । अतः प्राधिकारी चीन के मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु अनुबंध–I के पैरा 7 के अनुसार कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं ।

27. सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश में कीमत या परिकलित मूल्य के आधार पर इस वजह से नहीं किया जा सकता है कि उक्त देश में किसी उत्पादक से संगत सूचना उपलब्ध नहीं है । यह नोट किया जाता है कि किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या लागत के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु पर्याप्त सूचना और साक्ष्य अपेक्षित होता है । तथापि, घरेलू उद्योग या किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने ऐसी कोई प्रामाणिक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है । घरेलू उद्योग का अनुरोध है कि ऐसी कोई सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है ।

28. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए और चीन के उत्पादकों से सहयोग के अभाव में प्राधिकारी ने "किसी अन्य आधार" पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करना उचित माना है और चीन में सामान्य मूल्य का परिकलन सर्वोत्तम उत्पादन लागत के अनुमान के आधार पर किया है ।

सामान्य मूल्य के परिकलन हेतु अपनाई गई कार्य प्रणाली

29. प्राधिकारी ने चीन के उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य का परिकलन निम्नलिखित आधार पर किया है —

क. प्रमुख निविष्टियों की कीमत पर अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के आधार पर विचार किया गया है ।

ख. उत्पादन की प्रति इकाई कच्ची सामग्री की खपत पर घरेलू उद्योग के सत्यापित खपत मानकों के आधार पर विचार किया गया है ।

ग. परिवर्तन लागत पर घरेलू उद्योग के बीच कुशल उत्पादक की सूचना/आंकडों के आधार पर विचार किया गया है ।

घ. बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक लागत (ब्याज लागत सहित) को घरेलू उद्योग में कुशल उत्पादक की सूचना/आंकड़ों के आधार पर लिया गया है ।

ड. लाभ में कारखाना लागत की 5 प्रतिशत की दर से वृद्धि की गई है जिसमें ब्याज शामिल नहीं है ।

च. परिकलित सामान्य मूल्य *** अम.डा. प्रति मी ट. निर्धारित किया जाता है ।

झ. निर्यात कीमत:

30. धारा 9क (1) (ख) के अंतर्गत निर्यात कीमत का तात्पर्य: किसी वस्तु के संबंध में "निर्यात कीमत" का तात्पर्य निर्यातक देश या क्षेत्र से निर्यातित वस्तु की कीमत से है और जहां कोई निर्यात कीमत नहीं है अथवा जहां निर्यातक या आयातक या किसी तीसरे पक्षकार के बीच एसोसिएशन या प्रतिपूरक व्यवस्था के कारण निर्यात कीमत अविश्वसनीय है, वहां निर्यात कीमत का परिकलन उस कीमत के आधार पर निकाला जा सकता है जिस कीमत पर आयातित वस्तु की सर्वप्रथम पुनः बिक्री किसी स्वतंत्र क्रेता को की जाती है और यह उक्त वस्तु की पुनः बिक्री किसी स्वतंत्र क्रेता को नहीं की जाती है या आयातित रूप में पुनः बिक्री नहीं की जाती है वहां उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसे यथोचित आधार पर किा जाए ;

31. निर्यात कीमत के निर्धारण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने समस्त ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावलियां भेजीं । संबद्ध देश के किसी भी निर्यातक/उत्पादक ने कोई सूचना दायर नहीं की ।

32. निर्यात कीमत के निर्धारण हेतु निर्यातकों/आयातकों से किसी उत्तर के अभाव में प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध आयात की मात्रा और मूल्य का आकलन करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त इंटरनेशनल बिजनेस इन्फारमेशन सर्विसेज (आई बी आई एस) की आयात सूचना पर भरोसा किया है ।.

33. आई बी आई एस द्वारा सूचित कीमतें सी आई एफ निर्यात कीमत है । इस प्रकार निर्धारित सी आई एफ निर्यात कीमत का समायोजन समुद्री भाड़े, समुद्री बीमा, पत्तन व्यय, अंतरदेशीय भाड़े, कमीशन, बैंक प्रभारों और वैट अंतर के लिए किया गया है ताकि चीन के निर्यातकों/उत्पादकों के असहयोग के मद्देनजर उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना के आधार पर निवल निर्यात कीमत निकाली जा सके । कारखाना निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति मी ट. निर्धारित की जाती है ।

ट. पाटन मार्जिन

34. ऊपर यथानिर्धारित सामान्य मूल्य और निर्धारित कीमत पर विचार करते हुए पाटन मार्जिन निम्नानुसार बनता है :

विवरण	इकाई	2010-11 (जांच अवधि)
सामान्य मूल्य	अम.डॉ. प्रति मी.ट.	***
निर्यात कीमत	अम.डॉ. प्रति मी.ट.	***
पाटन मार्जिन	अम.डॉ. प्रति मी.ट.	***
पाटन मार्जिन %	%	70-80

35. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन गण से पाटन मार्जिन काफी अधिक और निर्धारित न्यूनतम सीमा से ज्यादा है । अतः यह नोट किया जाता है, कि चीन के उत्पादकों ने सामान्य मूल्य से अत्यधिक कम कीमत पर विचाराधीन उत्पाद का निर्यात जारी रखा है जिसके परिणामस्वरूप सतत पाटन हुआ है । यह भी नोट किया जाता है कि आयात की मात्रा काफी अधिक है ।

क्षति तथा कारणात्मक संबंध

घरेलू उद्योग के विचार

36. घरेलू उद्योग ने निम्नानुसार अनुरोध किया है –

क. आयातों में अत्यधिक वृद्धि हुई है । चीन से आयात में वृद्धि पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद भी है।
ख. आयातों का हिस्सा भारत में मांग/खपत की तुलना में काफी अधिक रहा है ।
ग. भारत में उत्पादन और खपत की तुलना में आयातों में वृद्धि हुई है ।
घ. चीन से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमत में भारी कटौती हो रही है ।
ड. आयातों के कारण कम कीमत पर बिक्री हो रही है ।
च. आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमत में ह्रास हो रहा है ।
छ. घरेलू उद्योग का निष्पादन खराब बना हुआ है । बाजार हिस्से, लाभ, लगाई गई पूंजी पर आय और नकद लाभ के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन प्रभावित हुआ है ।

ज. यद्यपि, उत्पादन और घरेलू बिक्री के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार हुआ है, तथापि, बाजार हिस्से में गिरावट के कारण यह निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि घरेलू उद्योग को पाटन के परिणामस्वरूपम मात्रात्मक क्षति हुई है।

झ. लाभ, निवेश पर आय और नकद लाभ में गिरावट के कारण यह निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि घरेलू उद्योग को पाटन के कारण कीमत के रूप में क्षति हुई है ।

ट. पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है ।

ठ. उत्पाद का निर्यात सामान्य मूल्य से कम कीमत पर किए जाने की संभावना है जिससे सतत पाटन होगा ।

ड. पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने के कारण पाटन मार्जिन में गिरावट आने की संभावना नहीं है ।

ढ. आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतम में भारी कटौती होने की संभावना है ।

ण. घरेलू और आयातित उत्पाद के बीच कीमत में भारी अंतर से आयात की मांग बढ़ने की संभावना है ।

त. चीन के उत्पादक कई देशों को विचाराधीन उत्पाद का पहले से निर्यात कर रहे हैं । इन देशों को निर्यात की कीमत भारत में प्रचलित कीमत से काफी कम है । अतः पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में चीन के उत्पादकों द्वारा तीसरे देश को होने वाले निर्यातों को भारतीय बाजार में भेजे जाने की संभावना है ।

थ. तीसरे देशों को हुए पर्याप्त निर्यातों और तीसरे देशों के लिए ऐसी निर्यात कीमत तथा भारत में कीमत के बीच भारी अंतर के कारण यह स्पष्ट है कि पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में भारी मात्रा में आयात किए जाने की संभावना है ।

द. आयातों में भारी वृद्धि होने की स्थिति में घरेलू उद्योग को या तो अपनी कीमत घटानी पडेगी या बिक्री गंवानी पडेगी । किसी भी स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति होगी । यदि घरेलू उद्योग कीमते कम करता है तो उसे भारी वित्तीय घाटा होगा, निवेश पर नकारात्मक आय होगी और उसके लिए नकारात्मक नकद प्रवाह होगा। यदि घरेलू उद्योग कीमत में कमी नहीं करता है और आयातों में वृद्धि होती है तो घरेलू उद्योग बाजार हिस्सा गंवाएगा जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग में गिरावट आएगी ।

ध. घरेलू उद्योग को पहले से ही क्षति हो रही है । यदि वर्तमान शुल्क समाप्त किया जाता है तो घरेलू उद्योग को हुई क्षति और अधिक गंभीर होने की संभावना है ।

निर्यातक/आयातक/अन्य हितबद्ध पक्षकार के विचार

37. किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई तर्क नहीं दिया है

प्राधिकारी द्वारा जांच

38. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति और उसकी संभावना के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए विभिन्न तर्कों को नोट किया है । वर्तमान क्षति या क्षति अवधि के दौरान क्षति जारी रहने का आकलन करने के लिए प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के मात्रात्मक और कीमत प्रभावों की जांच की है ।

मांग तथा बाजार हिस्से का निर्धारण

39. मांग और बाजार हिस्से के निर्धारण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने भारतीय उत्पादकों की बिक्री और विभिन्न स्रातों से हुए आयातों पर विचार किया है । भारत में उत्पाद की मांग की गणना भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और विभिन्न देशों से ज्ञात आयातों की राशि के रूप में की गई है । इस प्रकार से निर्धारित मांग को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है । .

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
मांग का निर्धारण	मी. ट.	39,876	35,199	43,592	44,413
प्रवृति		*100*	*88*	*109*	*111*
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी. ट.	27,581	23,560	27,449	28,793
प्रवृति		*100*	*85*	*100*	*104*
सहयोगियों की बिक्री	मी. ट.	8,000	8,146	9,601	9,237
भारतीय उत्पादकों की बिक्री	मी. ट.	35,581	31,706	37,050	38,030
प्रवृति		*100*	*89*	*104*	*107*
चीन से आयात	मी. ट.	2,311	2,792	5,903	5,061
प्रवृति		*100*	*121*	*255*	*219*
कोरिया तथा जर्मनी से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लाग	मी. ट.	1,506	608	533	1,277
अन्य देशों से आयात	मी. ट.	414	38	55	45
कुल आयातक	मी. ट.	4,231	3,438	6,492	6,383

40. यह नोट किया जाता है कि वर्ष 2008–09 (वैश्विक मंदी की अवधि) को छोडकर आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में संबद्ध वस्तु की मांग में सकारात्मक प्रवृत्ति और वृद्धि प्रदर्शित हुई है । क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा और संबद्ध देशों से आयातों में भी बढ़ोत्तरी हुई है । आधार वर्ष की तुलना में जहां मांग में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है वहीं घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । दूसरी ओर क्षति अवधि के दौरान पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद संबद्ध देश से हुए आयात लगभग दोगुने हो गए हैं।

41. जहां लागू पाटनरोधी शुल्क के बावजूद संबद्ध देश से आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है, वहीं क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है ।

मात्रात्मक प्रभाव

42. जहां तक पाटित आयातों की मात्रा का संबंध है, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में या समग्र रूप में अत्यधिक वास्तविक या संभावित वृद्धि हुई है ।

च्पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय उक्त प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या समग्र रूप से या भारत में उतपादन और खपत की दृष्टि से पाटित आयातो में भारी वृद्धि हुई है ।छ

43. इस अवधि के दौरान आयातों की वास्तविक मात्रा निम्नानुसार रही है –

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
चीन से आयात संबद्ध देश	मी.ट.	2,311	2,792	5,903	5,061
कोरिया तथा जर्मनी से आयात (जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है)	मी.ट.	1,506	608	533	1,277
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	414	38	56	45
कुल आयातक	मी.ट.	4,231	3,438	6,492	6,383
निम्नलिखित की तुलना में चीन से आयात					
कुल आयातक	%	54.62	81.21	90.94	79.29
मांग	%	5.80	7.93	13.54	11.39
घरेलू उद्योग उत्पादन	%	7.62	9.10	18.34	14.83
मांग में बाजार हिस्सा					
चीन जन.गण.	%	5.80	7.93	13.54	11.39
कोरिया तथा जर्मनी	%	3.78	1.73	1.22	2.88
अन्य देश	%	1.04	0.11	0.13	0.10
घरेलू उद्योग	%	69.17	66.93	62.97	64.83
सहयोगी	%	20.06	23.14	22.02	20.80
भारतीय उत्पादक	%	89.23	90.08	84.99	85.63

44. यह नोट किया जाता है कि

क. संबद्ध देश से आयातों का हिस्सा कुल आयातों में काफी बड़ा है और क्षति अवधि में यह लगभग दोगुना हो गया है । ऐसा इस स्रोत से हुए आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क के बावजूद हुआ है ।

ख. चीन से हुए आयातों में भारत में खपत/मांग की तुलना में वृद्धि हुई है । यद्यपि, जांच अवधि में हिस्से में मामूली गिरावट आई है, तथापि यह वर्ष 2007–08 और 2008–09 की तुलना में अभी भी काफी अधिक है। इसके अलावा, भारत में खपत की तुलना में आयातों में यह वृद्धि पूर्व में लागू पाटनरोधी शुल्क के बावजूद हुई है ।

ग. क्षति अवधि के दौरान कुल आयातों की तुलना में चीन से हुए आयातों का हिस्सा आधार वर्ष में 56 प्रतिशत से बढ़कर जांच अवधि में लगभग 80 प्रतिशत हो गया है ।

घ. पूर्व में लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के बावजूद क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन की तुलना में आयात मात्रा में वृद्धि हुई है ।

45. अतः यह नोट किया जाता है कि आयात मात्रा में समग्र रूप में और भारत में उत्पादन तथा खपत की तुलना में वृद्धि हुई है ।

कीमत प्रभाव

46. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के बारे में नियमावली के अनुबंध–II (II) में निम्नानुसार निर्धारित है :

> *नियम 18 के उपनियम (2) में यथा उल्लिखित कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की जा रही है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में अत्यधिक मात्रा में कमी करना है या ऐसी कीमत को रोकना है जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती ।*

47. जहां तक कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, इस बात की जांच की गई है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में अत्यधिक कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमत में अन्यथा अत्यधिक ह्रास हुआ है अथवा कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है जो अन्यथा काफी हद तक बढ़ गई होती । संबद्ध उत्पाद के लिए तुलना निर्यातित उत्पाद के पहुंच मूल्य और घरेलू उद्योग की औसत बिक्री की साथ की गई थी । घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत का निर्धारण व्यापार के समान स्तर पर सभी रिबेटों और करों को छोड़कर किया गया है।

कीमत कटौती

अवधि	यू ओ एम	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11
निवल बिक्री प्राप्ति	रू./मी.ट.	***	***	***	***
आयातों की पहुंच कीमत	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती %	%	10-15	1-6	10-15	25-30

48. यह नोट किया जाता है कि

क. वर्ष 2008–09 में आयात कीमत में अत्यधिक वृद्धि हुई थी और उसके बाद 2009–10 तथा 2010–11 में आयात कीमत में काफी गिरावट आई ।

ख. समूची क्षति अवधि के दौरान आयातों की पहुंच कीमत आयातों की बिक्री कीमत से कम रही जिसके परिणामस्वरूप कीमत में भारी कटौती हुई । जांच अवधि के दौरान कीमत कटौती की मात्रा काफी अधिक थी । अतः यह नोट किया जाता है कि आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमत में भारी कटौती हो रही है ।

कीमत ह्रास और न्यूनीकरण

49. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागत और कीमत घट–बढ़ तथा चीन से हुए आयातों के पहुंच मूल्य की तुलना की गई है ताकि यह जांच की जा सके कि क्या पाटित आयातों के प्रभाव से कीमत में अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है जो अन्यथा काफी अधिक बढ़ गई होती ।

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
बिक्री की लागत	रू/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*108*	*95*	*97*
निवल बिक्री प्राप्ति	रू/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*132*	*1 5*	*112*
आयातों की पहुंच कीमत	रू/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	*Indexed*	*100*	*146*	*117*	*92*

50. यह नोट किया जाता है कि

क. वर्ष 2008–09 में बिक्री लागत में भारी वृद्धि हुई और उसके बाद 2009–10 में गिरावट आई । जांच अवधि में बिक्री लागत में पुनः वृद्धि हुई । कुल मिलाकर आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान बिक्री लागत में गिरावट आई है ।

ख. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में उतार–चढ़ाव वर्ष 2007–08 और 2009–10 के बीच लागत के अनुरूप रहा है । तत्पश्चात जांच अवधि में उत्पादन लागत में वृद्धि हुई जबकि 2010–11 में बिक्री कीमत में गिरावट आई ।

ग. समग्र क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लिए कोई कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण नहीं हुआ है । तथापि, वर्ष 2008–09 से निवल बिक्री कीमत में गिरावट बिक्री लागत में तद्नुरूपी गिरावट से काफी अधिक हुई है और संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमत में ह्रास हुआ है और घरेलू उद्योग बिक्री लागत से अधिक अपनी कीमत में वृद्धि नहीं कर सका है ।

घरेलू उद्योग के संबंध में आर्थिक मापदंड

51. नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के विश्लेषण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । जहां तक ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव का संबंध है, नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले कारकों, पाटन मार्जिन की मात्रा; नकद प्रवाह, माल सूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित ऋणात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा ।.

उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग तथा बिक्री

52. घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना निम्नानुसार है:-

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
स्थापित क्षमता	मी.ट.	37,500	37,500	37,500	39,500

प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	100	105
उत्पादन	मी.ट.	30,342	30,696	32,183	34,128
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	101	106	112
क्षमता उपयोग	%	80.91	81.86	85.82	86.40
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	101	106	107
आबद्ध हस्तांतरण	मी.ट.	64	55	51	0
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	86	80	0
घरेलू बिक्री	मी.ट.	27,58[illegible]	23,560	27,449	28,793
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	85	100	104
आबद्ध खपत सहित मांग	मी.ट.	39,876	35,199	43,592	44,413
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	88	109	111
बिक्री के रूप में मांग का %	मी.ट.	69.17	66.95	62.97	64.83

53. यह नोट किया जाता है कि:

क. जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता में मामूली वृद्धि की है । इस अवधि के दौरान उत्पाद की मांग में भी वृद्धि हुई है ।

ख. घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में लगातार सुधार प्रदर्शित हुआ है । जांच अवधि में क्षमता में वृद्धि के बावजूद भी क्षमता उपयोग में सुधार हुआ ।

ग. वर्ष 2008–09 (जब उत्पाद की मांग में भी गिरावट आई थी) को छोड़कर क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में समग्र रूप में सुधार हुआ है । तथापि, यह नोट किया जाता है कि भारत में उत्पाद की मांग/खपत में वृद्धि की तुलना में घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में हुई वृद्धि कम है । परिणामतः भारत में खपत की तुलना में घरेलू उद्योग की बिक्री में गिरावट आई है ।

घ. घरेलू उद्योग द्वारा विचाराधीन उत्पाद की आबद्ध खपत नितांत नगण्य है । यद्यपि जांच अवधि में आबद्ध खपत में गिरावट आई, तथापि, आबद्ध खपत की मात्रा समग्र रूप में नगण्य होने के कारण यह घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण नहीं है ।

<u>बजार हिस्सा:</u>

54. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और बाजार हिस्से पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच निम्नानुसार की गई है:

	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
मांग	मी.ट.	39,876	35,199	43,592	44,413
मांग में बाजार हिस्सा					
घरेलू उद्योग	%				

		69.17	66.93	62.97	64.83
अन्य घरेलू उत्पादक	%	20.06	23.14	22.02	20.80
संबद्ध देश-चीन	%	5.80	7.93	13.54	11.39
तीसरे देश जिन पर शुल्क लागू है	%	3.78	1.73	1.22	2.88
अन्य देश	%	1.04	0.11	0.13	0.10

55. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है और चीन जन गण से संबद्ध वस्तु के आयातों के हिस्से में वृद्धि हुई है ।

लाभ, निवेश पर आय तथा नकद प्रवाह

56. घरेलू उद्योग के लाभ, निवेश पर आय और नकद प्रवाह की जांच निम्नानुसार की गई है:

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
कर पूर्व लाभ	रू./लाख	"	"	"	"
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*-100*	*5*	*-5*	*-33*
ब्याज पूर्व लाभ	रू./लाख	"	"	"	"
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*-100*	*19*	*3*	*-29*
नियोजित पूंजी पर आय	%	"	"	"	"
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*-100*	*20*	*2*	*-26*
नकद लाभ	रू./लाख	"	"	"	"
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*-100*	*16*	*5*	*-26*

57. यह नोट किया जाता है कि

क. घरेलू उद्योग को वर्ष 2007–08 में भारी वित्तीय घाटा हुआ है । घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में 2008–09 में अत्यधिक सुधार हुआ और इस अवधि में चीन की आयात कीमत में वृद्धि हुई । उसके बाद घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में पुनः गिरावट आई और घरेलू उद्योग को जांच अवधि में वित्तीय घाटा हुआ ।

ख. लगाई गई पूंजी पर आय और नकद प्रवाह (नकद लाभ के रूप में आकलित) में लाभ जैसी प्रवृति प्रदर्शित हुई है । वर्ष 2008–09 में लगाई गई पूंजी पर आय और नकद लाभ के बारे में घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार हुआ और उसके बाद उसमें भारी गिरावट आई । जांच अवधि में लगाई गई पूंजी पर आय और नकद लाभ, दोनों नकारात्मक रहे थे ।

रोजगार तथा मजदूरी

58. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग में बहु उत्पाद कंपनियां शामिल हैं । रोजगार और मजदूरी से घरेलू उद्योग पर पाटन के प्रत्यक्ष प्रभाव का पता नहीं चल सका है । घरेलू उद्योग के रोजगार के स्तर और मजदूरी की स्थिति निम्नानुसार रही है:

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
रोजगार	सं.	"	"	"	"
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*104*	*103*	*106*
मजदूरी	रू/लाख	"	"	"	"
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*122*	*140*	*147*

59. उपर्युक्त से यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के रोजगार के स्तर में सुधार हुआ है **तथा** मजदूरी के स्तर में भी क्षति अवधि में वृद्धि हुई है ।

उत्पादकता

60. घरेलू उद्योग की उत्पादकता संबंधी निष्पादन निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट.	"	"	"	"
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*97*	*103*	*106*
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट.	"	"	"	"
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*101*	*106*	*112*

61. यह नोट किया जाता है कि उत्पादकता में उत्पादन के अनुरूप सुधार हुआ है ।

मालसूची

62. प्राधिकारी ने की मालसूची स्तर की जांच की है जिसका उल्लेख निम्नलिखित तालिका में किया गया है:-

विवरण	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
अंतिम स्टॉक	मी.ट.	""	""	""	""
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*110*	*37*	*104*
औसत स्टॉक	मी.ट.	""	""	""	""
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*68*	*47*	*46*

63. यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के औसत मालसूची स्तर में गिरावट आई है ।

पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

64. घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता बढ़ाई है और उत्पाद में अत्यधिक नया निवेश किया है । यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता का इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है कि पाटनरोधी शुल्क लागू है । इसके अलावा, घरेलू उद्योग एक बहु उत्पाद कंपनी है । निवेश जुटाने की क्षमता से समग्र व्यापार प्रचालन का प्रदर्शन होता है और यह उत्पाद विशेष निष्पादन पर निर्भर नहीं होती है ।

वृद्धि

65. मात्रा और कीमत संबंधी विभिन्न मापदंडों के बारे में घरेलू उद्योग की वृद्धि निम्नानुसार रही थी :–

	इकाई	2007-08	2008-09	2009-10	जांच अवधि
उत्पादन	%	-	1.17	4.84	6.04
घरेलू बिक्री	%	-	(14.58)	16.51	4.90
घरेलू बिक्री कीमत	%	-	***	***	***
घरेलू बिक्री की लागत	%	-	***	***	***
औसत स्टॉक	%	-	(32.28)	(29.88)	(3.46)
लाभ	%	-	***	***	***
आर ओ आई	%	-	***	***	***

66. यह नोट किया जाता है कि बाजार हिस्से को छोड़कर मात्रात्मक मापदंडों के बारे में घरेलू उद्योग की वृद्धि सकारात्मक रही थी । घरलू बिकी के बारे में घरेलू उद्योग की वृद्धि बाजार वृद्धि की तुलना में कम रही थी जिससे बाजार हिस्से के संबंध में नकारात्मक वृद्धि हुई । इसके अलावा, वर्ष 2008–09 में कीमत मापदंडों के बारे में वृद्धि सकारात्मक थी और उसके बाद नकारात्मक हो गई । अतः यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की वृद्धि पर संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कीमत प्रभाव के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था ।

पाटन की मात्रा

67. यह नोट किया जाता है कि चीन के इस उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क की मौजूदगी में भी जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु का पर्याप्त पाटन हुआ है । इसके अलावा, इस जांच से संबंधित पूर्ववर्ती जांचों में भी पाटन मार्जिन सकारात्मक पाया गया है ।

घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

68. प्राधिकारी ने चीन जन.गण और अन्य देशों से संबद्ध वस्तु की आयात कीमत, लागत संरचना में परिवर्तन, घरेलू उद्योग में प्रतिस्पर्धा और पाटित आयातों से इतर कारकों पर विचार किया है जिनसे घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं । जांच के बाद यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है जिससे भारतीय बाजार में कीमत में भारी कटौती हुई है । अन्य देशों से आयात काफी अधिक कीमतों पर हुए हैं या उन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है । यह भी नोट किया जाता है कइस उत्पाद का कोई व्यवहार्य सीनापन नहीं है । यह भी नोट किया जाता है कि उत्पाद की मांग सकारात्मक है और यह घरेलू उद्योग के कीमत ह्रास के लिए जिम्मेवार कारक नहीं हो सकती है । घरेलू उद्योग की कीमत के लिए जिम्मेवार कारकों में से एक कारक संबद्ध देशों की आयात कीमत और घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत है ।

क्षति तथा क्षति मार्जिन का निर्धारण

